# कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
## 23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532-2466769, 0532-2467504 **Website: https:\\updeled.gov.in**
ई–मेल आई डी:– **secretarypnp.up@gmail .com, updeled@gmail.com**


## विज्ञप्ति

**डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण 2022 प्रथम चरण (PHASE 1) की प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त वर्गवार/श्रेणीवार रिक्त सीटों पर प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने तथा मेरिट/रैंकिग के सापेक्ष आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु समय–सारिणी**

## PHASE – 2

कार्यालय द्वारा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2022 के अन्तर्गत **PHASE – I** की प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त वर्गवार/श्रेणीवार रिक्त सीटों के सापेक्ष शत प्रतिशत सीटों को भरे जाने के उद्देश्य से डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2022 हेतु निर्गत शासनादेश सं0 508/अरसठ–4–2022–2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4, दिनांक 09.06.2022 एवं काउंसलिंग/प्रवेश की कार्यवाही हेतु शासनादेश सं0 758/अरसठ–4–2022–9(3)/2021 दिनांक 02.08.2022 के अनुपालन में प्रवेश प्रक्रिया के **द्वितीय चरण (PHASE– II)** में अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण संस्थान के आवंटन हेतु संस्थान का विकल्प वेबसाइट updeled.gov.in के माध्यम से भरे जाने हेतु समय–सारिणी निम्नवत् है –

| क्र0 स0 | संस्थान का विकल्प भरने की तिथि | स्टेट रैंक | संस्था आवंटन प्रकाशित होने की तिथि | आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 30 अगस्त 2022 (अपराह्न) से 04 सितम्बर 2022 तक | रैंक 01 से 1,70,107 तक के समस्त अभ्यर्थी जिन्हें PHASE_1 में प्रशिक्षण संस्थान आवंटित न हुआ हो। | 05 सितम्बर 2022 | 06 सितम्बर 2022 से 08 सितम्बर 2022 तक प्रवेश लेने की अंतिम तिथि |
| 02 | प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रिपोर्ट/लॉक करने की अंतिम तिथि (नोट– निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को वेबसाइट https://updeled.gov.in पर ऑनलाइन रिर्पोट/लॉक नहीं किये जाने पर, लिया गया प्रवेश मान्य नहीं होगा ) | | | 09 सितम्बर 2022 |
| 03 | प्रशिक्षण प्रारम्भ | 14 सितम्बर 2022 | | |

**नोट –**

1. वेबसाइट **https://updeled.gov.in** पर प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों/निजी डी0एल0एड0 संस्थानों में वर्गवार/श्रेणीवार रिक्त सीटों की सूची उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर अभ्यर्थियों द्वारा संस्थानों का विकल्प भरे जाने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश भी उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थियों प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने हेतु निर्धारित समयावधि के भीतर वेबसाइट **https://updeled.gov.in** के माध्यम से संस्थानों का चयन कर लॉक करना सुनिश्चित करें। **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान के विकल्प का चुनाव करने के पश्चात् Choice Lock न करने पर भरे गये विकल्पों को स्वतः लॉक माना जायेगा जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं होगा।**
3. अभ्यर्थी स्वयं अपने स्तर से निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से संस्थान का विकल्प प्राथमिकता के आधार पर चयन (च्वाइस फिलिंग/च्वाइस लॉक) करेंगे। **अभ्यर्थी अधिक से अधिक संस्थानों का विकल्प भरें, उनके विकल्प चुनने की संख्या पर कोई बाध्यता नहीं है, वह एक बार में ही उपलब्ध समस्त संस्थानों का विकल्प वरीयता क्रम में चुन सकते हैं जिससे उसकी मेरिट के सापेक्ष चुने हुये विकल्पों में से किसी एक प्रशिक्षण**

29-08-2022

**संस्थान का आवंटन किया जा सके। अभ्यर्थी द्वारा कम संख्या में प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प देने पर यह सम्भावना है कि उन्हें मेरिट के सापेक्ष चुने हुये विकल्पों में किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का आवंटन न हो। अतः अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प चुने।**

4. अभ्यर्थी की मेरिट के अनुसार प्रशिक्षण हेतु आवंटित संस्था में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की कार्यवाही के लिए आवंटन पत्र (Allotment Letter) प्रिंट करने हेतु अभ्यर्थी को **रू0 10000 (दस हजार मात्र) का भुगतान** वेबसाइट पर दिये गये SBI MOPs Link द्वारा करना होगा।
5. अभ्यर्थी को प्रशिक्षण हेतु संस्था आवंटित हो जाने के उपरान्त **आवंटित प्रशिक्षण संस्थान में अभ्यर्थी के प्रवेश न लेने व किसी भी प्रकार की अभिलेखीय विसंगति पाये जाने पर उक्त शुल्क रू0 10,000 किसी भी परिस्थिति में वापस (Refund) नहीं होगा।**
6. अभ्यर्थी उक्त आवंटन पत्र के साथ अभिलेखीय जॉच/प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि को आवंटित संस्थान में अपने समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश सम्बन्धित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे। काउंसलिंग/प्रवेश सम्बन्धित अन्य दिशानिर्देश पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार यथावत् रहेंगे।

**विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट देखें: https://updeled.gov.in एवं ई–मेल आई डी updeled@gmail.com पर सम्पर्क करें।**

29-08-2022

(मनोज कुमार अहिरवार)
रजिस्ट्रार
कृते सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृ0सं0/ डी0एल0एड0 2022/ 3119-25 /2022–23 दिनांक 29.08.2022

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के संज्ञानार्थ
2. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री आशेष अग्रवाल, अतिरिक्त राज्य सूचना अधिकारी, एन0आई0सी0 योजना भवन, लखनऊ।
6. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक गवर्मेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ।
7. समस्त प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्राचार्य, सी0टी0ई0 वाराणसी एवं प्रबन्धक/प्राचार्य निजी डी0एल0एड0 प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।

29-08-2022

(मनोज कुमार अहिरवार)
रजिस्ट्रार
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश,प्रयागराज